## गोला-बारूद कॉम्पलेक्स में एक साल में बने 15 करोड़ कारतूस

# अदाणी कॉम्पलेक्स में दो लाख तोपों के गोले बनेंगे

**डिफेंस कॉरिडोर**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अदाणी डिफेंस दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी रक्षा उत्पादन इकाई है। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के गोला-बारूद कॉम्पलेक्स में इस साल दो लाख लार्ज कैलिबर आर्टिलरी और टैंक एम्युनिशन बनेंगे। इस कॉम्पलेक्स को बने एक साल पूरे हो चुके हैं। यहां एक साल में 15 करोड़ कारतूस बन चुके हैं। यहां पर तोप, मशीनगन, पिस्टल, रिवाल्वर, ग्रेनेड, रॉकेट, मोर्टार बम बनाए जाने हैं। 40 एमएमआरपी ग्रेनेड राउंड्स, 40 एमएम लो वेलोसिटी एचई ग्रेनेड, सभी प्रकार के एमएम के रॉकेट, सभी प्रकार के एमएम मोर्टार भी हैं।

26 फरवरी 2024 को बालाकोट हवाई हमले 'ऑपरेशन बंदर' की पांचवीं वर्षगांठ पर इस कॉम्पलेक्स का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ ने शुभारंभ किया था।

**2018 में पीएम ने दी थी सौगात:** 2018 में लखनऊ में हुए यूपी के पहले इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में 6 नोड्स की घोषणा में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट शामिल हैं, कानपुर नोड में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस लिमिटेड रक्षा उत्पादों का उत्पादन कर रही है।




साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अदाणी डिफेंस एंड एयरो स्पेस। (फाइल फोटो)

## 4000 लोगों के लिए रोजगार का अवसर

गोला-बारूद कॉम्पलेक्स के शुभारंभ में आए अदाणी पोर्ट एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी ने बताया था उनका यह कॉम्पलेक्स 15 महीने में 5 हजार एकड़ में बनकर तैयार हुआ था जो दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के जवानों के लिए शस्त्र व सुविधाओं संबंधित उत्पाद निर्मित होंगे।15 सौ करोड़ से शुरू हुआ ये प्रोजेक्ट पांच साल में 3 हजार करोड़ का विस्तार प्राप्त करेगा। इससे 4 हजार लोगों को जहां सीधे सीधे रोजगार प्राप्त होगा वहीं इससे पांच गुना ज्यादा अप्रत्यक्ष रोजगार भी ये कॉम्प्लेक्स सृजित करेगा।